## महत्वपूर्ण एवं खास

### हाईवा की चपेट में आए बाईक सवार, दो की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** सतरेंगा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। लेमरू थाना पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक में सवार दो युवक कोरबा से सतरेंगा की ओर जा रहे थे। इस दौरान हाइवा चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसें में बाइक सवरों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर हादसे के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर 112 की टीम तथा लेमरू थाना पुलिस पहुंची। मृतकों के पास से मिले पहचान पत्र के आधार पर मृतकों की पहचान हुई है। एक तुलसी नगर निवासी राहुल निर्मलकर के तौर पर हुई है जो कि सर्वमंगला ट्रैक्टर्स में सेल्स एग्जीक्यूटिव के तौर पर कार्यरत था। वहीं दूसरा युवक की पहचान अभिषेक यादव के रूप में हुई, जो एलएनटी फाइनेंसर सर्विस में काम करता था। लेमरू थाना पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर एक युवक की हत्या कर दी

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के ऊसूर ब्लॉक के कोतापल्ली गांव के पास नक्सलियों ने पुलिस मुखबीर के आरोप में मंगलवार को जन अदालत लगाकर एक युवक बसंत झाडी की हत्या कर दी है। कोत्तापल्ली के स्थानीय लोगों ने युवक की पहचान गांव के बसंत के रूप में किया है, मृतक बसंत झाड़ी कोत्तापल्ली क्षेत्र में क्रेडा विभाग में टेक्नीशियन का काम करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने कोत्तापल्ली के तीन से चार युवकों को दीपावली के एक दिन पहले मुखबिरी के शक में घर से अपहरण कर अपने साथ ले गये थे। उनमें से एक युवक बसंत को जनअदालत लगाकर दिपावली की रात में हत्या की वारदात को अंजाम दिया। जिसके बाद शव को गांव में फेंक दिया। सूत्र बता रहे हैं कि, मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। नक्सलियों ने तेलंगाना व छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र में इस हत्या की वारदात को अंजाम देकर तेलंगाना व छत्तीसगढ़ में दहशत फैलाने का प्रयास किया है। बीजापुर एसपी आन्जनेय वार्ष्णेय ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें भी मिली है, लेकिन अभी तक परिजनों ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। परिजन बिना भय के आगे आएं तभी पुलिस सार्थक मदद कर पाएगी। उन्होंने कहा कि जनअदालत की जानकारी पुलिस को नही है।

### महिला स्वास्थ्यकर्मी के साथ दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** सरगुजा में एक महिला स्वास्थ्य कर्मी को बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के साथ 2 आरोपियों ने गैंगरेप किया है। मामलें में पुलिस ने सहयोगियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया वहीं एक आरोपी फरार है। मिली जानकारी के अनुसार घटना बतौली थानाक्षेत्र की है। यहां पीड़ित महिला छिपछिपी उपस्वास्थ्य केंद्र में तैनात थी। घटना के समय वह स्वास्थ्य केंद्र में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और महिला को बंधक बना लिया। एक आरोपी ने उसके साथ बलात्कार किया, जबकि दो अन्य लोगों ने अपराध में उसका साथ दिया। घटना के बाद महिला ने इस संबंध में पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और आरोपी को पकडऩे के लिए पुलिस टीम भेजी। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और एक फरार आरोपी को पकडऩे के प्रयास जारी हैं।

# पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर पति थाने में दर्ज कराया सीढ़ियों से गिरकर मौत होने की झूठी रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार

- मर्ग जांच में हुआ हत्या का खुलासा : गैर महिला के साथ रिस्तों को लेकर पत्नी के रोक-टोक से नाराज पति ने प्लांनिग के साथ दिया घटना को अंजाम
- लैलूंगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर हत्या कर साक्ष्य छिपाने और झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** थाना लैलूंगा अंतर्गत ग्राम बनेकेला में महिला के संदिग्ध मौत की जांच पर लैलूंगा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा एसडीओपी दीपक मिश्रा के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर संदिग्ध मर्ग की गंभीरता पूर्वक जांच कर संदेही मृतिका के पति पर निगाह रखे हुये थी। दूसरी ओर जांच कार्यवाही में पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त कर संदेही के हत्या कारित करने के पुख्ता साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपी के फरार होने से पूर्व हिरासत में लेकर हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 25.10.2022 को थाना लैलूंगा में सूचनाकर्ता किशोर पटेल पिता डिलेश्वर पटेल उम्र 34 साल साकिन ग्राम बनेकेला उसकी पत्नी उर्मिला अगरिया (उम्र 30 साल) की घर के सीढियों से गिरकर मौत हो जाने की मर्ग रिपोर्ट दर्ज करातें हुए बताया कि उसका उर्मिला के साथ वर्ष 2010 से प्रेम संबंध था, उर्मिला को शासन द्वारा सामुहिक विवाह योजनाओं के तहत विवाह कर पत्नी बनाकर रखा था जिससे एक लडका 08 साल का है। उर्मिला वर्तमान में गर्भ से थी, दिनांक 25/10/2022 के करीब 03/40 बजे घर के बाहर सीढियों से उतरते समय गिर गई। तब ईलाज हेतु सीएचसी लैलूंगा लाकर भर्ती किए थे मृतिका उर्मिला की डिलवरी समय हो गया था लेबर पेन चालू हो गया था कि ईलाज के दौरान डाक्टर साहब फौत होना बताये कि रिपोर्ट पर मर्ग इंटिमेशन चाक कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया।

मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही दौरान मृतिका के मायके पक्ष के लोगों से पूछताछ किया गया। जांच पर सामने आया कि शादी के बाद से किशोर पटेल उसकी पत्नी उर्मिला को हमेशा लडाई झगडा मारपीट करता था और किशोर पटेल का किसी अन्य लडकी से प्रेम संबंध होने की जानकारी उर्मिला को होने पर दोनों के बीच लडाई झगडा और बढ़ गया था।

जांच प्रारंभिक जांच में ही मर्ग को संदिग्ध मानकर मृतिका के पति को संदेह पर रखे हुये थी, गवाहों, घटनास्थल तथा शव निरीक्षक उपरांत मृतिका के पति पर निगाह रखा गया था, मृतिका के दाह संस्कार पश्चात पुलिस संदेही किशोर को पूछताछ के लिये थाने लायी जिससे कड़ी पूछताछ पर उसने अपना जुर्म स्वीकार कर घटना का वृतांत बताया जिसमें यह बात सामने आया कि दिनांक 25/10/2022 को किशोर पटेल का अन्य लड़की का प्रेम संबंध की बात को लेकर उसकी पत्नी उर्मिला के साथ झगड़ा विवाद हुआ था, किशोर पटेल ने उर्मिला (मृतिका) को किसी ठोस वस्तु एवं तकिया से मुंह, नाक, गला को दबा कर मार डालना। मृतिका के दोनों गाल, होंठ, हाथ, कलाई में चोट के निशान थे। मृतिका के शव का पी.एम. रिपोर्ट पर मृतिका की मृत्यु गला घोंटकर हत्या करना लेख करना और किशोर पटेल के द्वारा सजिश रचकर मृतिका की मृत्यु को सीढी से उतरते समय गिरने से चोट लगने पर फौत होना मृतिका के मृत्यु को छिपाकर झूठा मर्ग इंटिमेशन दर्ज कराना जांच पर पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 201, 182, 211 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर हिरासत में लिये गये आरोपी को आज विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है। लैलूंगा के सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सउनि चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, आरक्षक राजू तिग्गा, महिला आरक्षक लीलावती उरांव की अहम भूमिका रही है।

## शहीद स्मृति पखवाड़ा... रंगोली व चित्रकला के माध्यम से बच्चों ने दिया देश भक्ति का संदेश

- "पुलिस झंडा दिवस" कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर



**रायगढ़।** जिला पुलिस पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर 21 अक्टूबर "पुलिस स्मृति दिवस" से 31 अक्टूबर "राष्ट्रीय एकता दिवस" तक "पुलिस झंडा दिवस" मनाया जा रहा है जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रतियोगिता का आयोजन जिला पुलिस द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 27.10.2022 को पुलिस लाइन उर्दना में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पुलिस लाइन, 6वीं बटालियन एवं ग्राम उर्दना के बच्चे भाग लिये। प्रतियोगिता में बच्चों ने देश भक्ति की प्रेरणा देने वाले रंगोली व चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे द्वारा चित्रकला एवं रंगोली में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों सहित कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदाय किया गया और उन्हें अपनी कला को निखारने प्रेरित किये। चित्रकला में प्रथम रोशन पटेल, द्वितीय मयंक उरांव, तृतीय एलीना कुजूर रही तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्वाति पटेल, द्वितीय मुस्कान उरावं एवं तृतीय अवनी कुजूर रही। कार्यक्रम में रक्षित केंद्र के स्टाफ सहित पुलिस परिवार और ग्राम उर्दना के रहवासी मौजूद थे।

## महिला से छेड़खानी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, पूंजीपथरा पुलिस ने भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 27.10.2022 को पूंजीपथरा पुलिस ने दिशा मैदान को गई महिला से जंगल में छेड़खानी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों ने महिला को डराया-धमकाया और उसकी फोटो लेकर ब्लैकमेलिंग किये, लोक लाज से महिला चुप थी किन्तु गत दिनों फोटो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद दिनांक 26.10.2022 को महिला थाने आकर आरोपियों के विरूद्ध लिखित शिकायत किया गया जिस पर पूंजीपथरा पुलिस त्वरित कार्रवाई कर तीनों आरोपियों को छेड़खानी एवं यौन उत्पीड़न की धाराओं पर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित महिला बताई कि घटना 02 मई 2022 की है, शाम को जंगल तरफ दिशा मैदान के लिये अकेली गई थी, वहां अर्जुन सिंह चौहान, श्रवण धनवार और ईश्वर दास महंत आ गये जो अकेली देखकर उल्टी-सीधी बातें कर डरा धमकाकर मोबाइल पर फोटो ले लिये। अर्जुन सिंह चौहान घर जाकर मोबाइल में कॉल करने के लिये बोला और धमकी दिया कि उससे बात नहीं करने पर गलत तरीके से फोटो को वायरल कर देगा। लोक लाज से अर्जुन सिंह चौहान से मोबाइल पर बात की और उसे फोटो डिलीट करने की विन्नत की किन्तु 5-6 दिन पहले अर्जुन सिंह चौहान फोटो को वायरल कर दिया। तब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराये, पूंजीपथरा पुलिस तीनों आरोपियों को अर्जुन सिंह चौहान उम्र 35 साल, श्रवण कुमार धनवार 28 साल, और ईश्वर दास महंत 32 साल को आज गिरफ्तार कर आरोपी अर्जुन से मोबाइल की जप्ती कर तीनों को रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर पूंजीपथरा पुलिस की त्वरित कार्यवाही में थाना पूंजीपथरा के एएसआई विजय कुमार एक्का, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, अमित तिर्की, राधेश्याम कमल और आरक्षक विद्याधर सिदार की प्रमुख भूमिका रही है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करें: मुख्य सचिव

- धान खरीदी सहित महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संभागायुक्त, कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने धान खरीदी और कस्टम मिलिंग, समितियों से धान परिवहन की व्यवस्था सहित इस खरीफ सीजन में धान खरीदी के संबंध में आने वाली शिकायतों के निराकरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य सचिव ने नगरीय निकायों में लीगेसी वेस्ट के निराकरण की कार्ययोजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम, रायपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, जगदलपुर, धमतरी और राजनांदगांव में लीगेसी वेस्ट के निराकरण की कार्ययोजना के क्रियान्वयन की जानकारी जिलों के कलेक्टरों से ली। साथ ही राज्य में संचालित दूषित जल उपचार संयंत्रों के संचालन की स्थिति की जानकारी भी कलेक्टरों से ली गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से ग्राम पंचायतों में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की कार्ययोजना एवं उसकी प्रगति की विस्तार से जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने ऑनलाइन नामांतरण योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को कहा कि भूमि की रजिस्ट्री होते ही नामांतरण की ऑनलाइन व्यवस्था प्रारंभ की जाये। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। जैन ने कहा कि राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को फसल कटाई प्रयोग के संबंध में निर्देश दिए गए कि जिस तरह से फसल गिरदावरी के समय अधिकारी किसानों के खेतों में उनके साथ होते हैं, इसी तरह फसल कटाई प्रयोग के समय भी किसानों के साथ खेतों में मौजूद रहें।

बैठक में राज्य योजना आयोग के अंतर्गत राज्य में सतत् विकास लक्ष्य का स्थानीयकरण (एसडीजी) के जिला स्तर पर लक्ष्यों के मूल्यांकन में सुविधा हेतु डिस्ट्रिक्ट फ्रेम वर्क के संबंध में योजना आयोग के अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के जरिये विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव ने सतत् विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के तहत सभी विभागों के भारसादक सचिवों, विभागाध्यक्षों, जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, राजस्व विभाग के सचिव एन.एन. एक्का, मार्कफेड के प्रबंध संचालक मनोज सोनी, नान के प्रबंध संचालक निरंजन दास सहित पंचायत ग्रामीण, कृषि और आर्थिक सांख्यिकी एवं योजना विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## सड़क के किनारे असहाय पड़े वृद्ध को जुटमिल पुलिस ने कराया आश्रम प्रवेश



**रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल की डॉयल 112 वाहन को इवेंट दौरान सड़क किनारे एक वृद्ध असहाय व्यक्ति उम्र करीब 80-85 वर्ष का दिखा। राइनो वाहन में कार्यरत आरक्षक शोभनाथ और वाहन चालक जगदीश लहरे ERV वाहन रोककर वृद्ध को उठाने का प्रयास किये और उससे पूछताछ कर जानकारी लिये। वृद्ध अपना नाम प्रभुजी बताया जो रात से भूखे बिना कपड़ो के ठंड में पड़ा था। कर्मचारियों ने वृद्ध का फोटो सायबर सेल/चौकी प्रभारी एसआई कमल किशोर पटेल को भेजकर असहाय वृद्ध प्रभुजी की जानकारी दिये। चौकी प्रभारी तत्काल स्थानीय एकांकी वृद्धजनों के लिये बने "अपना घर आश्रम" में संपर्क कर अपने स्टाफ को वृद्ध को आश्रम छोड़ आने निर्देशित किये। प्रभुजी का आश्रम में दाखिला हो गया है, आश्रम वाले चौकी प्रभारी और डॉयल 112 स्टाफ की सेवा भावना की प्रशंसा किये।

# जिला मुख्यालयों में एक नवंबर को राज्योत्सव का रंगारंग आयोजन : जिलों में संसदीय सचिव एवं विधायकगण होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2022 के अवसर पर 1 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि निर्धारित कर दिए गए हैं। राज्य स्थापना दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में 01 से 03 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव और राज्य अलंकरण समारोह आयोजित होगा।

राज्य स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे। इसी प्रकार जिला मुख्यालय धमतरी के कार्यक्रम में संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे, जिला मुख्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव सुशकुंतला साहू, जिला मुख्यालय गरियाबंद के कार्यक्रम में विधायक अमितेष शुक्ल, जिला मुख्यालय दुर्ग के कार्यक्रम में विधायक कुलदीप जुनेजा, जिला मुख्यालय राजनांदगांव के कार्यक्रम में विधायक अरूण वोरा, जिला मुख्यालय कबीरधाम के कार्यक्रम में विधायक ममता चंद्राकर, जिला मुख्यालय बालोद के कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा, जिला मुख्यालय बेमेतरा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, जिला मुख्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम में संसदीय सचिव डॉ.रश्मि आशीष सिंह, जिला मुख्यालय कोरबा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, जिला मुख्यालय रायगढ़ के कार्यक्रम में विधायक लालजीत सिंह राठिया, जिला मुख्यालय मुंगेली के कार्यक्रम में संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय, जिला मुख्यालय गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के कार्यक्रम में विधायक डॉ. के.के.ध्रुव और सरगुजा जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के कार्यक्रम में संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े मुख्य अतिथि होंगे।

इसी तरह जिला मुख्यालय कोरिया, बैकुण्ठपुर के कार्यक्रम में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरो, जिला मुख्यालय जशपुर के कार्यक्रम में संसदीय सचिव यू.डी.मिंज, जिला मुख्यालय सूरजपुर के कार्यक्रम में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बृहस्पत सिंह, जिला मुख्यालय बलरामपुर के कार्यक्रम में संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज, जिला मुख्यालय बस्तर (जगदलपुर) के कार्यक्रम में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, जिला मुख्यालय कांकेर के कार्यक्रम में संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के कार्यक्रम में विधायक देवती कर्मा, जिला मुख्यालय सुकमा के कार्यक्रम में संसदीय सचिव रेखचंद जैन, जिला मुख्यालय कोण्डागांव के कार्यक्रम में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम, जिला मुख्यालय नारायणपुर के कार्यक्रम में विधायक चन्दन कश्यप, जिला मुख्यालय बीजापुर के कार्यक्रम में विधायक विक्रम मण्डावी, जिला मुख्यालय मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के कार्यक्रम में संसदीय सचिव इन्द्रशाह मण्डावी, जिला मुख्यालय खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला मुख्यालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कार्यक्रम में विधायक उत्तरी जांगड़े, जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यक्रम में विधायक विनय जायसवाल और जिला मुख्यालय सक्ती के कार्यक्रम में विधायक रामकुमार यादव मुख्य अतिथि होंगे।

## मुख्यमंत्री ने राज्योत्सव एवं आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

- साइंस कालेज मैदान में लगने वाले सभी विभागों के स्टाल्स का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण
- 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारियों जोरों पर



छत्तीसगढ़ के 23वें स्थापना दिवस की तैयारियों राजधानी रायपुर में जोरों से चल रही है। इस दौरान 1 से 3 नवंबर तक राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन साइंस कालेज मैदान में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार की शाम महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए साइंस कालेज मैदान पहुंचे। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों के स्थल का भी निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों को तैयारियों को के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी की जा रही है और इसके लिए साइंस कालेज मैदान में तैयारियां जोरों पर हैं। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों सहित 09 देशों के 1500 आदिवासी कलाकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस अवसर पर सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480